# Chairman's Message

Dear Shareholders,

I welcome you all to the 49th Annual General Meeting of your Company. The Annual Report for the year ended March 31, 2015, along with the Directors' Report and Audited Financial Statements of the Company have been shared with you. I request your permission to take them as read.

## Performance Update

I am pleased to inform that in the golden jubilee year, your Company has delivered its best ever performance by achieving highest ever mined metal output as well as record operating and net profit.

Mined metal production during the year was 887 kt, driven by higher ore production. Mine production was skewed towards later part of the year as per the mine plan, resulting in accretion to mined metal inventory and lower integrated metal production for the year as a whole.

Your Company's financial performance continues to remain healthy with Total Revenue including Other Income of Rs.17,609 crore, an increase of 13.3% compared to FY 2014. The increase was driven primarily by higher zinc LME price & premium and treasury income, partially offset by lower silver prices and lower zinc & silver sales.Your Company achieved profit before depreciation, interest and tax (PBDIT) of Rs.10,238 crore in FY 2015, up 16.4% from a year ago, benefiting from higher total revenue including other income, partially offset by increase in royalty rates and impact of long-term wage agreements. Net profit increased by 18.4% from a year ago to Rs. 8,178 crore. The closing cash balance at the end of the fiscal was Rs.30,785 crore against Rs. 25,535 crore in FY 2014.

## Strategic Update

During the year, the Board approved further deepening of the Rampura Agucha open cast mine by 50 metres, which will extend mine life to FY 2020 and ensure a smooth transition from open pit to underground mining at Rampura Agucha. The shaft sinking project at Sindesar Khurd mine is ahead of schedule while the progress of underground shaft project at Rampura Agucha mine is comparatively slow. However, with the planned extension of the open cast mine, the overall production from the Rampura Agucha ore body will be on track. Further, your Company received environmental clearance for enhancement of production capacity of Kayad mine from 0.35 to 1.0 million tonnes per annum.

The year also witnessed the notification of the new Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Act, 2015 in March 2015, which has brought in a new era of transparency in grant of mineral concessions via auctions and provides continuity to existing mining leases. The Act strengthens our four Mining Lease application in Rajasthan and 20 of 34 Prospecting Lease applications derived from Reconnaissance Permits (RP) will be processed under preferential right. However, our RP applications are no longer valid. The Act also mandates significant contributions to District Mineral Foundation and National Mineral Exploration Trust, which are in addition to royalty increase during the year.

## Exploration activities

Your Company's exploration has consistently added to reserve and resource base over the last several years. During the year, 19.4 million tonnes were added to reserve and resource, prior to a depletion of 9.4 million tonnes. Total reserve and resource now stands at 375.1 million tonnes containing 35.3 million tonnes of zinc-lead metal and 970 million ounces of silver. Mine life continues to be over 25 years.

## Sustainability

During the year, the total recorded injuries continued the downtrend and Lost Time Injury Frequency Rate reduced by 27%. Your Company has created significant awareness for reporting unsafe acts and conditions, thus preventing incidents & injuries by eliminating such acts and conditions. Despite our best efforts to enhance safety, I regret to report that we had two fatalities during the year.

Your Company also continued to improve its water consumption and energy consumption trend through on-going initiatives. Over the next few years, the focus will be on reducing waste, generating value from residues and reducing carbon footprint. Innovative environment friendly processes have been adopted for gainful utilization of waste, such as use of mill tailings in backfill material used at previously mined stopes and generation of value added products from jarosite in addition to its utilisation in cement manufacturing.

## Corporate Social Responsibility

During the year, your Company introduced a new CSR policy emphasising its focus on community development projects. We have signed MoUs with government departments and also joined hands with various local bodies and NGOs to ensure higher degree of effectiveness of such projects. The Company invested Rs. 59.3 crore in various CSR initiatives in FY 2015. Some of the key projects initiated during the year include:

- construction of 623 toilets under 'Swach Bharat Abhiyan' in 459 Government schools at Udaipur, Chittorgarh, Bhilwara, Rajsamand and Ajmer; this is in addition to over 11,000 residential toilets built in association with NGOs and the Government of Rajasthan
- our flagship campaign 'Sakhi' for rural and tribal women empowerment accelerated with the first Hindustan Zinc 'Sakhi' Awards – 2014' organized in Jaipur under the aegis of the honourable Chief Minister
- agriculture and livestock program at all our locations in association with BAIF
- setting up a catheterization laboratory for Vedanta Heart Hospital in association with MB Government Hospital, Udaipur
- providing dialysis unit to the Nephrology (Gynaecology ICU) department and upgradation of Gastroenterology department of Government Hospital in Udaipur

## Outlook

Global zinc consumption growth is expected to continue in FY 2016 as infrastructure spending and strong automotive sales globally is likely to increase zinc demand by 4-5% p.a. in near term. Additionally, closure of zinc mines across the world bodes well for zinc price outlook in the medium term. In India, the Government's focus on 'Make in India' and infrastructure development is expected to provide stimulus to the metal market.

## Dividend

The Board of Directors has recommended a final dividend of 125%, i.e. Rs. 2.50 per share on equity share of Rs. 2 each, taking the total dividend for FY 2015 to 220%, i.e., Rs. 4.40 per share, which is the highest ever proposed by the Company.

## Changes to the Board

During the year, Mr. Sudhaker Shukla was appointed as Director in place of Mr. Durga Shanker Mishra, who ceased to be Director. On the expiry of the appointed tenure, Mr. Rajib Sekhar Sahoo and Ms. Shaukat Ara Tirmizi ceased to be Directors on the Board. Further, Mr. Arun Todarwal and Mr. R Kannan were appointed as additional Directors during the year whose tenure expire at this Annual General Meeting and being eligible, offer themselves for appointment as independent Directors of the Company. Mr. Agnivesh Agarwal retires by rotation and being eligible, offers himself for re-appointment at this Annual General Meeting.

## Closing Comments

Your Company is well equipped to deliver sustainable growth in the long term and I am convinced that our strategy, best-in-class assets and business focus will continue to generate value to shareholders.

I, on behalf of Hindustan Zinc, would like to thank all of our shareholders, customers, suppliers, employees, governments and the communities around our operations for their continued support and trust.

Thank you.

Chairman
Hindustan Zinc Ltd

Place - Udaipur
Date - June 15, 2015

# अध्यक्षीय अभिभाषण

प्रिय शेयरधारी महानुभाव,

मैं आपकी कम्पनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। 31 मार्च, 2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष की कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट मय निदेशकों के प्रतिवेदन तथा संपरीक्षित वित्तीय विवरणियाँ आप के साथ सांझा की जा चुकी है। मेरा आपसे निवेदन है कि मैं इन्हें आप द्वारा पढ़ लिया मान लेने की स्वीकृति चाहता हूं।

### निष्पादन

मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि स्वर्ण जयन्ति वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी ने अब तक का सर्वाधिक खनित धातु उत्पादन तथा रिकार्ड प्रचालन निष्पादन करने के क्षेत्र में तथा सर्वाधिक शुद्ध लाभ अर्जित करने का कीर्तिमान स्थापित किया है।

वर्ष के दौरान अधिकतम अयस्क उत्पादन के फलस्वरूप खनित धातु उत्पादन 887 किलोटन हुआ। खान आयोजना के समनुरूप वर्ष के अन्तिम दौर में खान उत्पादन में वृद्धि रही जिसके परिणाम स्वरूप खनित धातु भण्डार बढ़ा तथा पूरे वर्ष के दौरान समग्र रूप से कम धातु उत्पादन हो पाया।

आपकी कम्पनी का वित्तीय निष्पादन पूर्ण सुदृढ़ रहा। तदनुरूप ही वित्तीय वर्ष 2014 की तुलना में 13.3 प्रतिशत अधिक यानि 17,609 करोड़ रूपए का कुल राजस्व (मय अन्य आय के ) अर्जित किया गया। यह परिलक्षित बढ़ौतरी मूलतः जस्ता धातु की एल.एम.ई. बढ़ी हुई कीमतें तथा प्रमियम तथा खजाने से आय के कारण हुई जो चाँदी की कम कीमतों तथा जस्ता व चाँदी की कम बिक्री के कारण आंशिक रूप से प्रभावित हुई। आपकी कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2015 में मूल्यह्रास, ब्याज एवं कराधान (पीबीडीआईटी) से पूर्व 10,238 करोड़ रूपये का लाभ अर्जित किया जो गत वर्ष से 16.4 प्रतिशत अधिक है जो अधिकतम राजस्व तथा अन्य आय को सम्मिलित करने के कारण हुआ किन्तु रायल्टी की दरों में बढ़ौतरी तथा दीर्घकालीन वेतन समझौते के प्रभाव के कारण आंशिक तौर पर प्रभावित रहा। शुद्ध लाभ गत वर्ष की तुलना में 8,178 करोड़ रूपये हुआ जो गतवर्ष की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2014 के 25,535 करोड़ रूपये की तुलना में इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर समग्र नकद धन राशि 30,785 करोड रूपये रही।

### व्यूह रचना

आपकी कम्पनी के निदेशक मण्डल ने वर्ष के दौरान रामपुरा–अगूचा विवृत्त खदान को और 50 मीटर तक गहरा करने को अनुमति दे दी जिससे खान का जीवन वर्ष 2020 तक बढ़ जाएगा तथा इस खनन परिसर में विवृत्त खनन से हटकर भूमिगत खनन प्रचालन अपनाने में सहायता मिल जाएगी। सिन्देसर खुर्द खदान में शाफ्ट तैयार करने व इसे गहरा करने की परियोजना अपनी निर्धारित अवधि से पहले ही कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है जबकि रामपुरा–अगूचा खदान मे भूमिगत शाफ्ट परियोजना की प्रगति धीमी है। जैसा भी हो, विवृत्त खदान के सुनियोजित कार्यान्वयन के फलस्वरूप रामपुरा–अगूचा अयस्क भण्डार से समग्र उत्पादन पुनः पटरी पर लौट आएगा। आप की कम्पनी को कायड़ खदान में 0.35 से 1.0 मिलियन टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़ाने से संबंधित पर्यावरण मंजूरी प्राप्त हो गई है।

वर्ष के दौरान कुछ और उल्लेखनीय बातें हुई जिनका अतिविशिष्ट रणनीतिक प्रभाव कम्पनी पर होगा। मार्च 2015 में नया खान एवं खनिज संशोधन अधिनियम, 2015 (विकास एवं विनियम) अधिसूचित किया गया, जिससे नीलामी प्रक्रिया द्वारा खनिजीय रियायतों को स्वीकृत करने में पारदर्शिता के नये युग का प्रादुर्भाव हुआ है। जिससे वर्तमान खनन लीज मे सतत्ता आएगी। इस अधिनियम से राजस्थान में चार खनन पट्टों को मजबूती प्रदान हुई है। 34 में से 20 समन्वेषण पट्टों के आवेदन जो रीकनेसेन्स परमिट से प्राप्त हुए हैं, वरीय अधिकार के तहत उन पर कार्यवाही की जाएगी। जो भी हो हमारी आर.पी. आवेदत अब वैध नही है। इस अधिनियम में जिला स्तरीय खनिज फाउण्डेशन तथा राष्ट्रीय खनिज गवेषण पूर्त न्यास में सहयोगिता का प्रावधान है।

### समन्वेषण कार्यकलाप

पिछले कई वर्ष से आपकी कम्पनी के समन्वेषण प्रभाग ने अयस्क भण्डारों तथा आरक्षित एवं अधिशेष को लगातार सुदृढ़ बनाया है। वर्ष के दौरान 9.4 मिलियन टन के अवक्षय से पूर्व 19.4 मिलियन टन की आरक्षित एवं अधिशेष में वृद्धि की है। आज हमारे पास 375.1 मिलियन टन आरक्षित एवं अधिशेष अयस्क भण्डार हैं, जिनमें 35.3 मिलियन टन जस्ता–सीसा धातु एवं 970 मिलियन आउंस चाँदी विद्यमान है। खान का जीवन 25 वर्ष की अवधि तक है।

### संपोषणीयता

वर्ष के दौरान रिकार्ड की गई कुल घटनाओं/दुर्घटनाओं में गिरावट दर्ज की गई एवं लोस्ट टाइम इन्ज्यूरी फ्रीक्वेन्सी दर में कमी 27 प्रतिशत तक आई। आपकी कम्पनी में असुरक्षित कार्यकलाप रिपोर्ट करने के प्रति महत्वपूर्ण जागरूकता की अलख जगाई है और इस प्रकार ऐसे कार्यकलाप, हालात से निजात पाने के नजरियें से दुर्घटना में रोकथाम परिलक्षित हुई है। सुरक्षा संवर्धन के लिये किये गये हमारे प्रयासों के बावजूद भी मुझे यह रिपोर्ट करते हुए दुःख है कि वर्ष के दौरान दो मौतें हुई है।

आपकी कम्पनी ने जल की खपत एवं ऊर्जा की खपत की प्रवृत्ति में सुधार करने की दिशा में सतत् प्रयास जारी रखे हैं। अगले कुछ वर्ष में अपशिष्ट में कमी लाने, अपशिष्टों से कुछ लाभप्रद पदार्थो का उत्पादन करने तथा कार्बन फूट–प्रिन्ट में कमी करने पर कम्पनी पूरा ध्यान

देगी। अपशिष्ट लाभ जनित अनुप्रयोग करने के लिये नवाचारयुक्त पर्यावरण सहायक प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं यथा पेस्ट फिल तकनोलोजी का प्रयोग जिसमें खाली पड़े निखनन स्थलों में मिल से प्राप्त अवपंक (टेलिंग) को पुनः भरने के पदार्थ के रूप में प्रयोग में लाना। इसके साथ ही हम जेरोसाइट उत्पादों से मूल्य परक वस्तुओं के निर्माण पर कार्यकर रहे हैं जिसके लिए प्रयोगशाला स्तर पर नवाचारित प्रवाह चार्ट तैयार कर लिया गया है। यह विधा सिमेन्ट उत्पादन में जेरोसाइट के प्रयोग किये जाने के अतिरिक्त है।

## समष्टिक निगमित दायित्व

वर्ष के दौरान आपकी कम्पनी ने एक नई सी.एस.आर. नीति अपनाई है जिसमें सामुदायिक विकास परियोजनाओं पर मूलभूत ध्यान देना, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं पर्यावरण के क्षेत्रों में स्थानीय आवश्यकताओं पर प्राथमिकतापूर्वक ध्यान देना सम्मिलित है, जिससे दीर्घकालीन संपोषणीय लाभ प्राप्त किये जा सकें। हमने सरकारी विभागों के साथ समझौते के ज्ञापन पर तद्विषयक हस्ताक्षर किये हैं तथा विभिन्न स्वेच्छिक संगठनों तथा स्थानीय निकायों के साथ सम्पर्क साधा है एवं सांझेदारी की है जिससे इन योजनाओं का खासा लाभ मिल सके। वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपकी कम्पनी ने 59.3 करोड़ रूपयें का निवेश निगर्मित सामाजिक दायित्व से सम्बन्धित कार्यकलापों पर किया। वर्ष के दौरान संचालित मुख्य परियोजनाए निम्नलिखित रहीं :

- ''स्वच्छ भारत अभियान''के तहत उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमन्द एवं अजमेर जिलों के 459 राजकीय विद्यालयों में 623 निवृत्ति गृहों का निर्माण। यह संस्था राजस्थान सरकार तथा स्वैच्छिक संगठन की सहभागिता में बनाए 11,000 आवासीय शोचालयों के अतिरिक्त है।
- ग्रामीण एवं जनजाति वर्ग की महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्धेश्य से 'सखी' अभियान– प्रथम हिन्दुस्तान जिंक 'सखी 2014' पुरस्कार जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किये गये।
- बैफ (बी.ए.आई.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में सभी इकाईयों में कृषि एवं पशुपालन कार्यक्रम।
- महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, उदयपुर में स्थित वेदान्ता हार्ट अस्पताल में केथलेब की स्थापना।
- उदयपुर के महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के आन्त्रशोध अस्पताल का उन्नयन एवं गुर्दा रोग विभाग (स्त्री रोग आई.सी.यू) में डायलिसिस इकाई की स्थापना।

## परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2016 में वैश्विक स्तर पर जस्ते की खपत में बढ़ौतरी प्रत्याशित है क्योंकि मूलभूत ढ़ाँचे का विकास–विस्तार जारी रहेगा तथा ओटोमोटिव उद्योग में बिक्री संवर्धन से आने वाले दिनों में माँग में 4% से 5% बढ़ौतरी की संभावनाए हैं। इसके साथ ही दुनियाँ में जस्ता धातु की खदानों का बन्द किया जाना मध्यकाल में जस्ता धातु की कीमतों को भी प्रभावित करेगा। भारत में सरकार के ''भारत में निर्माण करें'' मूलभूत मंत्र तथा मूलभूत ढांचागत क्षेत्र के विकास के फलस्वरूप धातु बाजार को बल एवं गति प्रदान करेंगे।

## लाभांश

निदेशक मण्डल ने वित्तीय वर्ष 2015 के लिये 125 प्रतिशत लाभांश की फाइनल सिफारिश की है, जो प्रत्येक 2 रूपयें के इक्वीटी शेयर पर 2.50 रूपयें है यानि कुल लाभांश अब 220% – यानि 4.40/– रूपयें प्रति शेयर हो जाएगा जो कम्पनी द्वारा प्रस्तावित अब तक का सर्वाधिक है।

## निदेशक मण्डल में परिवर्तन

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान श्री दुर्गाशंकर मिश्रा, जो निदेशक नहीं रहे, के स्थान पर श्री सुधाकर शुक्ला कम्पनी के निदेशक नियुक्त किये गये। नियुक्ति अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् श्री राजीब शेखर साहू तथा एम.एस. शौकत आरा टिरमिजी निदेशक मण्डल में निदेशक नहीं रहे। श्री अरूण टोडरवाल तथा श्री आर. कानन को वर्ष के दौरान अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया जिनकी नियुक्ति अवधि इस वार्षिक आम बैठक के दिन समाप्त हो रही है तथा आपने कम्पनी में स्वतंन्त्र निदेशक के रूप में नियुक्ति की मंशा व्यक्त की है। श्री अग्निवेश अग्रवाल रोटेशन की प्रक्रिया द्वारा रिटायर हो रहे हैं एवं पात्र होने के नाते इस वार्षिक आम बैठक में आपने पुनः नियुक्ति हेतु प्रस्तावित किया है।

## अन्ततः

आप की कम्पनी दीर्घकाल तक संपोषणीय प्रगति एवं विकास करने के लिए सुसज्जित है तथा मुझे इस बात का पूर्ण विश्वास है कि हमारी व्यूह रचना, सर्वोत्तम परिसम्पत्तियाँ तथा व्यापार पर सुदृढ़ ध्यान देने का रूख शेयरधारी महानुभावों के लिये मूल्य सृजन करते रहेंगे।

मैं, हिन्दुस्तान जिंक की ओर से, एक बार फिर हमारे समस्त शेयरधारियों, ग्राहकगणों, आपूर्तिकारों, कर्मचारियों, सरकारों तथा हमारी प्रचालन इकाईयों के आसपास बस रही जनता जनार्दन द्वारा मिले अपूर्व सतत् सहयोग–सहकार एवं हम में उनके प्रतिस्थापित विश्वास के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

धन्यवाद
अध्यक्ष
हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड

स्थान – उदयपुर
दिनांक – 15 जून, 2015